दिन– सोमवार | दिनांक– 30/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप जारी।

02. निर्वाचन आयोग ने पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया।

03. भाजपा का आरोप– नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ना तो संसद का सम्मान करते है और ना ही न्यायपालिका का।

04. और, तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के नजदीक एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बारह लोगों की हुई मृत्यु। बिहार के कई लोग भी हुए हताहत।

---

बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारो जारी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक बार फिर मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर सवाल उठाया है। श्री यादव ने कहा कि पुनरीक्षण के पहले सभी दलों को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

–––बाइट–––

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चुनाव में पारदर्शिता लाने के उद्‌देश्य से कर रही है जो एक आम बात है।

–––बाइट–––

---

इधर, राजस्थान के पूर्व मूख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। पटना में सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह पक्ष–विपक्ष से बात कर भ्रम को दूर करें।

———बाइट———

———————————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने आज राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर वक्फ संशोधन अधिनियम पर उनके विवादास्पद बयान के लिए निशाना साधा। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता न तो संसद का सम्मान करते हैं और न ही न्यायपालिका का। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कल ही पटना में तेजस्वी यादव ने एक जनसभा में कहा कि संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

———बाइट———

ना संसद का सम्मान, ना न्यायपालिका का सम्मान। वोट बैंक की चाहत में जो कुछ बोला गया है। तेजस्वी यादव और इंडी गठबंधन के अन्य नेताओं के द्वारा उससे साफ है कि यह संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की 50 साल पुरानी मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं।

———————————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि तेजस्वी यादव को राजनीति विरासत में मिली है। वह सत्ता के लिए हर प्रकार का समझौता कर सकते हैं।

———बाइट———

———————————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद पर संविधान विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद का इतिहास कानून तोड़ने का रहा है।

———बाइट———

——————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा है कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का कल गांधी मौदान में दिया गया यह वक्तव्य कि संसद से पास वक्फ संसोधन कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे, सीधा उस मानसिकता को दर्शाता है जिसमें बाबा साहब आंबेडकर के संविधान को नहीं मानने की सोच भरी हुई है।

———बाइट———

——————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस मतदाता सूची में लगभग पांच करोड मतदाताओं के नाम शामिल हैं। आयोग ने कहा कि मतदाताओं को केवल मतदाता सूची से अपने विवरण को सत्यापित करना होगा और भरा हुआ गणना फॉर्म जमा करना होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, बीमारों, विकलांग व्यक्तियों और वंचित समूहों को उनके गणना फॉर्म भरने में सहायता करने के लिए एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। आयोग ने कहा कि यह अभियान इसलिए आवश्यक है क्योंकि मतदाता सूची हमेशा एक गतिशील सूची होती है जो मृत्यु और अपना स्थान छोड़कर चले गए मतदाताओं के कारण बदलती रहती है।

——————————————————————————————

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के नजदीक में एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम बारह लोगों की मृत्यु हो गई और छब्बीस लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में बिहार के लोगों के भी मारे जाने की खबर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और दुर्घटना में घायल हुए लोगों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के रहने वाले मृतक के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की।

———————————————————————————

आपातकाल लागू किए जाने की पचासवीं वर्षगांठ पर भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काले अध्यायों में से एक के रूप में इस अवधि को याद किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवधि के दौरान मीसा के तहत जेल भेजे गए लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। आपातकाल के दौरान की स्थितियों को लेकर राजनीतिज्ञ अरुण वशिष्ठ ने अपने अनुभव साझा किए।

———बाइट———

जेल के अंदर तो जो माहौल था। वो तो सामान्य जो जेल के अंदर हो सकता है। और जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। पर वह अतिरिक्त बंदिशें थी इस नाते कि हमारी मुलाकात पर प्रतिबंध था। हमसे कौन मिलने आ रहा है। इसका एलआईयू देखती थी। बहुत ही निकट के लोग वो मिलने आ पाते थे। समाज तो जेल से भी ज्यादा डरा हुआ था। जो लोग बाहर से रिश्तेदार–रिश्तेदार को नहीं पहचान रहे थे। घर आना जाना नहीं था। हम लोग जो जेल आ गए थे। उन परिवारों की देखभाल करने वाले भी हमारे निजी लोग नहीं थे।

———————————————————————————

प्रदेश में छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के मतों की गणना जारी है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार छब्बीस जिलों के सभी संबंधित अनुमंडलों में मतगणना हो रही है। इस चुनाव में पांच सौ अड़तीस उम्मीदवार मैदान में हैं। निकाय चुनाव में नौ उम्मीदवार र्निविरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि तीन पदों पर उच्च न्यायालय के आदेश के कारण निर्वाचन स्थगित कर दिया

गया है। एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद, सात मुख्य पार्षद और आठ उपमुख्य पार्षद के लिए अट्ठाईस जून को मतदान हुआ था। देश में पहली बार बिहार में मोबाईल एप के जरिए ई–वोटिंग हुई, जिसके लिए पचास हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पंजीकृत सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———————————————————————————

प्रदेश में लगातार मॉनसूनी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व के अनेक स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा दक्षिणी भाग में गरज के साथ बारिश होने तथा तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के पूर्वानुमान के अनुसार किशनगंज में तेज हवा के साथ एक दो स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। वहीं मधुबनी, सुपौल, पुर्णियां और कटिहार में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

आकाशवाणी पटना के कार्यक्रम अधिशासी रंजन कुमार सिंह और वरिष्ठ अभियांत्रिकी सहायक अजित कुमार आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने इस मौके पर दोनों को शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी में एसएसबी ने फारबिसगंज से एक वाहन से आठ सौ सतासी बोतल प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सीरप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए जा रहे मुंगेर रेलवे स्टेशन पर आज एक अतिरिक्त आरक्षण काउंटर का उद्घाटन किया गया। सबसे पहले विधायक प्रणव कुमार ने आरक्षण काउंटर से टिकट की बुकिंग कराई।

---

जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले में संचालित अभियान बसेरा कार्यक्रम के तहत 73 भूमिहीन पात्र परिवारों को वास हेतु भूमि का पर्चा वितरित किया गया।

---

01. बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप जारी।

02. निर्वाचन आयोग ने पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया।

03. भाजपा का आरोप– नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ना तो संसद का सम्मान करते है और ना ही न्यायपालिका का।

04. और, तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के नजदीक एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बारह लोगों की हुई मृत्यु। बिहार के कई लोग भी हुए हताहत।

---

समाप्त